## बढ़ते सड़क हादसों के विरोध में जनहित पार्टी का सड़क आंदोलन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 फरवरी।** भिंड-ग्वालियर हाईवे पर लगातार हो रहे सड़क हादसों एवं उनमें बढ़ती मौतों को लेकर जनहित पार्टी द्वारा जनहित में एक सड़क आंदोलन की शुरुआत की गई है। इस आंदोलन की शुरुआत 1 फरवरी को चंबल नदी पुल से एक पदयात्रा के रूप में की गई, जो ग्वालियर के डीडी नगर स्थित दीनदयाल उपाध्याय चौराहे पर पहुंची।

जनहित पार्टी का यह आंदोलन भिंड-ग्वालियर मार्ग को सुरक्षित बनाने तथा आम नागरिकों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। पदयात्रा के माध्यम से पार्टी ने सरकार का ध्यान इस हाईवे पर रोज़ हो रहे जानलेवा हादसों की ओर आकर्षित किया।

**लोकल ट्रेन व गौशाला निर्माण की भी उठाई मांग :** इस पदयात्रा के दौरान जनहित पार्टी ने सरकार के समक्ष कुछ व्यावहारिक और जनोपयोगी मांगें भी रखीं। पार्टी ने भिंड-ग्वालियर के बीच वर्षों से खाली पड़ी रेल लाइन पर हर घंटे लोकल ट्रेन चलाने, जिससे सड़क पर वाहनों का दबाव कम हो सके, की मांग की। इसके साथ ही हर गांव में गौशाला निर्माण की मांग भी उठाई गई, ताकि सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं के कारण होने वाले हादसों को रोका जा सके।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय जैन के नेतृत्व में आंदोलन

इस सड़क आंदोलन की शुरुआत जनहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय जैन की अध्यक्षता में की गई। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा केवल आंदोलन की शुरुआत है। यदि सरकार ने शीघ्र ही इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया, तो जनहित पार्टी भिंड कलेक्टर कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

### ग्वालियर में हुआ बड़ा जन जागरण

इसी विषय को लेकर ग्वालियर के गोले के मंदिर चौराहे पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सड़क आंदोलन एवं जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस माध्यम से सरकार को यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि भिंड-ग्वालियर हाईवे पर रोज़ हो रही दुर्घटनाओं को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और फोरलेन हाईवे का निर्माण शीघ्र किया जाए।

## जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 फरवरी।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में वर्ष 2027 में प्रस्तावित

**वर्ष 2027 की जनगणना को लेकर हुई चर्चा**

जनगणना की तैयारियों एवं विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभागार, भिंड में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर, जिला प्रभारी अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, समिति के सभी सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी जनगणना के लिए निर्धारित प्रमुख पैरामीटर, प्रक्रियाओं एवं आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की गई। साथ ही सभी विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया।

**जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व :** कलेक्टर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसकी सफलता सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी और आपसी समन्वय पर निर्भर करती है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध, सटीक और जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से निर्वहन करें, ताकि जनगणना कार्य सुचारू रूप से संपन्न किया जा सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना से जुड़े कार्यों को गंभीरता और पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ संपादित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

## आयुष विभाग ने स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 फरवरी।** वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, शारीरिक एवं मानसिक दक्षता संवर्धन के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा स्टेट एक्शन प्लान फॉर सीनियर सिटीजन के अंतर्गत हॉलिस्टिक वेल बीइंग कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग से प्राप्त निर्देशों के पालन में कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के मार्गदर्शन एवं जिला आयुष अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

आयुष विभाग भिंड द्वारा यह शिविर लहार ब्लॉक के रावतपुरा धाम स्थित वृद्ध आश्रम में आयोजित किया गया, जिसमें आश्रम में निवासरत वृद्धजनों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण वरिष्ठ नागरिकों ने भी सहभागिता की।

**स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क दवा वितरण :** शिविर के दौरान आयुष विभाग के चिकित्सकों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता अनुसार आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक औषधियां नि:शुल्क वितरित की गईं। चिकित्सकों ने वृद्धावस्था में होने वाली सामान्य एवं जन्मजात बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए उनके उपचार एवं रोकथाम के उपाय भी बताए।

### जिलेभर में लगाए जाएंगे ऐसे शिविर

जिला आयुष अधिकारी डॉ. नीलम कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु स्टेट एक्शन प्लान फॉर सीनियर सिटीजन के अंतर्गत जिलेभर में हॉलिस्टिक वेल बीइंग कैंप आयोजित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसी क्रम में विभिन्न वृद्ध आश्रमों में स्वास्थ्य शिविर, योग-प्राणायाम एवं मानसिक-शारीरिक दक्षता बढ़ाने वाली गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि आगामी तिथियों 13 फरवरी, 19 फरवरी, 20 फरवरी, 26 फरवरी एवं 27 फरवरी को भी जिले के अन्य वृद्ध आश्रमों में इसी प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 फरवरी।** कलेक्ट्रेट सभागार में आज जिला पोषण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर ने की। बैठक में डिप्टी कलेक्टर, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सीएमएचओ, सीडीपीओ सहित सभी सेक्टर सुपरवाइजर एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने पोषण अभियान, पूरक पोषण आहार, आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली, पोषण पुनर्वास केंद्र, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की और आवश्यक सुधारात्मक निर्देश जारी किए।

**पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता पर विशेष जोर :** कलेक्टर ने सबसे पहले पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित किए जा रहे आहार की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को मिलने वाला पोषण आहार गुणवत्तापूर्ण और मानकों के अनुरूप होना चाहिए।

**सेम-मेम बच्चों के पंजीकरण एवं एनआरसी पर चर्चा :** सेम-मेम (गंभीर एवं मध्यम कुपोषित) बच्चों के पंजीकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र (ह्रऋष्ट) में भेजकर उनका समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए।

**आंगनबाड़ी उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश :** आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर देते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो बच्चे नियमित रूप से केंद्र नहीं आ रहे हैं, उनके अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केवल भोजन का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के सीखने, खेलने और सुरक्षित देखभाल का स्थान है, जिसे समुदाय का अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए।

**सुपरवाइजर्स एवं सीडीपीओ की भूमिका पर जोर :** कलेक्टर ने सुपरवाइजर्स को अपने पर्यवेक्षण को और सशक्त बनाने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करने तथा उन्हें आवश्यक सहयोग देने के निर्देश दिए। आधार कार्ड एवं समग्र आईडी से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबंधित सचिवों से समन्वय स्थापित करने को कहा गया।

## श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का मनोहारी वर्णन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 फरवरी।** जिले के अटेर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौकी स्थित संतोषी माता मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के

**महामंडलेश्वर रामभूषण दास महाराज के प्रवचनों से भक्तिमय हुआ वातावरण**

दौरान आज कथा व्यास श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर रामभूषण दास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण एवं देवी रुक्मिणी के पावन विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और



मनोहारी वर्णन किया। कथा श्रवण हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा वातावरण भक्ति, प्रेम एवं श्रद्धा से ओत-प्रोत हो गया।

कथा व्यास ने बताया कि विदर्भ नरेश भीष्मक का बड़ा पुत्र रुक्मी, भगवान श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था। रुक्मी अपनी बहन रुक्मिणी का विवाह बलपूर्वक शिशुपाल से कराना चाहता था। किसी की बात न मानते हुए उसने शिशुपाल को संदेश भेजकर विवाह की तिथि भी निश्चित कर दी। यह समाचार पाकर देवी रुक्मिणी अत्यंत व्यथित हो गईं।

### रुक्मिणी का श्रीकृष्ण को संदेश

महामंडलेश्वर ने बताया कि रुक्मिणी ने अपना निश्चय प्रकट करते हुए एक ब्राह्मण के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के पास द्वारका संदेश भिजवाया। संदेश में लिखा था। हे नंदनंदन! मैंने आपको ही अपने पति रूप में वरण किया है। आपके अतिरिक्त किसी अन्य पुरुष के साथ विवाह करना मेरे लिए असंभव है। मेरे पिता मेरी इच्छा के विरुद्ध मेरा विवाह शिशुपाल से करना चाहते हैं और विवाह की तिथि भी निश्चित हो चुकी है। रुक्मिणी का संदेश प्राप्त होते ही भगवान श्रीकृष्ण बिना किसी को बताए शीघ्र रथ पर सवार होकर कुण्डिनपुर की ओर चल पड़े। श्रीकृष्ण के प्रस्थान की सूचना मिलने पर बलराम जी यादवों की सेना के साथ उनके पीछे रवाना हुए।

## विधायक देसाई ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 12 फरवरी।** गोहद नगर के वार्ड क्रमांक 16 अंतर्गत गोहदी क्षेत्र की विभिन्न गलियों में लगभग 35 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़कों का भूमिपूजन किया ।साथ ही रपटा से गोहदी तक लगभग 17 लाख रुपये तथा गोहदी मेन रोड से मुरारी जी के मकान तक लगभग 78 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़को का भी भूमिपूजन किया गया।

इन विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी ।जनता



की सुविधा और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहना हमारा संकल्प है ।इस अवसर वार्ड वासियों ने विधायक श्री देसाई का माला पहनकर स्वागत किया और उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पति जगदीश माहौर, वार्ड क्रमांक 16 की पार्षद श्रीमती राजबेटी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## अवैध खनिज परिवहन पर खनिज विभाग की सख्त कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 फरवरी।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। खनिज अधिकारी पंकज मिश्रा एवं उनकी टीम ने 12 फरवरी 2026 को जिले

**गुड्डुपुरा से 1 जेसीबी सहित 4 वाहन जब्त**

में सघन निरीक्षण अभियान चलाया।

कार्यवाही के दौरान गुड्डुपुरा-अटेर रोड पर खनिज मिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए 01 जेसीबी मशीन एवं 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया। इसके अतिरिक्त अतिरिक्त रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 01 अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जब्त किया गया। जब्त किए गए सभी वाहनों को नवीन तहसील परिसर, भिंड में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिज विभाग द्वारा जप्तशुदा वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, भंडारण एवं व्यापार) नियम के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई प्रस्तावित कर कलेक्टर न्यायालय को प्रकरण प्रेषित किया जाएगा।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## शिवाजी पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 12 फरवरी।** शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी विशेष महत्व है। पढ़ाई एवं खेल खेलते समय लक्ष्य निर्धारण व एकाग्रता का होना अत्यंत आवश्यक है। लक्ष्य निश्चित हो तो सफलता भी निश्चित है।

शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है ,खेल-खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है यह बात शिवाजी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने कहीं उन्होंने छात्रों को खेल के महत्व को समझाया यहां बता दें कि गुरुवार को शिवाजी पब्लिक स्कूल मैदान में एक भव्य खेल



कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित ,दीप प्रज्वलित व पूजा-अर्चना कर की गई। खेल कूद प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के खेल शामिल थे, जैसे कि दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद , चेयर रेस, कबड्डी , खो खो और गोला फेंक। छात्रों ने इन खेलों में भाग लेकर अपनी शारीरिक क्षमता और टीम वर्क का प्रदर्शन किया द्य छोटे-छोटे नन्हे छात्रों द्वारा चेयर रेस में भाग लिया गया जिसमें एक नन्ही सी छात्रा विजेता रही जो आकर्षण का केंद्र बन गया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि और अविभावकों ने छात्रों की प्रतिभा देख जमकर तालियां बजाई और उनका उत्साह वर्धन किया द्यकार्यक्रम के बाद विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया, जहा अतिथियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक और शिक्षकों ने भी विजेता छात्रों को बधाई दी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कियाद्य इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक , शिक्षिकाएं, पालक व क्षेत्र के पत्रकार मौजूद रहे।

## विजेता टीम इटावा-11 को एक लाख रुपए से सम्मानित किया

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 12 फरवरी।** मेहगांव गल्ला मंडी में धूमधाम से आयोजित एमपीएल (मेहगांव प्रीमियर लीग) 15 जनवरी 2026 से चल रहा था। इस नॉकआउट फॉर्मेट के टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच मौ-11 और इटावा-11 ने सभी मुकाबलों में जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। आज फाइनल मुकाबला सम्पन्न हुआ, जिसमें इटावा-11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मौ-11 को हरा दिया।




फाइनल में इटावा-11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 12 ओवरों में उन्होंने 127 रन का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में मौ-11 की टीम इस चुनौती को पार नहीं कर सकी और हार गई। इटावा-11 की जीत के नायक शेरा बने, जिन्होंने बल्लेबाजी में तूफानी 64 रन ठोके। गेंदबाजी में भी उन्होंने तीन ओवरों में महज 11 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। इस शानदार सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए शेरा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

टूर्नामेंट में विजेता इटावा-11 को कैबिनेट मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने एक लाख सौ रुपये (1,00,100/-) नगद का चेक, आकर्षक ट्रॉफी और सम्मान पत्र भेंट किया। उपविजेता मौ-11 को 51,000 रुपये नगद तथा ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके अलावा, इटावा-11 के शेरा को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट) घोषित कर सुंदर शील्ड और 5,100 रुपये दिए गए। मौ-11 के गोलू भदौरिया को बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार मिला, जिसमें सुंदर शील्ड और 5,100 रुपये शामिल थे। शेरा की फिफ्टी पर समाजसेवी नाथूराम चुरारिया ने 1,100 रुपये नगद भेंट किए।

इस टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक मेहगांव थाना प्रभारी महेश शर्मा रहे, जिन्होंने विधायक कप के तहत आयोजन को सफल बनाया। समापन समारोह में कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा, 'खेल प्रेमियों ने इस मैच को अद्भुत बना दिया। हम प्रयास करेंगे कि मेहगांव में जल्द ही एक आधुनिक क्रिकेट ग्राउंड का निर्माण हो, ताकि युवा प्रतिभाएं और बेहतर मौके पाएं।' आयोजन में बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने उत्साहपूर्ण माहौल बनाया। यह टूर्नामेंट स्थानीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले गया।

## बाल संरक्षण, पोक्सो एवं बाल देखरेख संस्थाओं की समीक्षा

**भिण्ड, 12 फरवरी।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक गुरुवार कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस विभाग से डीएसपी मुख्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बाल कल्याण समिति के समस्त पदाधिकारी, किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत समस्त बाल देखरेख संस्थाओं—शिशुगृह,जिला बाल संरक्षण इकाई का स्टाफ उपस्थित रहा।


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
**OFFICE OF THE CHIEF GENERAL MANAGER (GWALIOR REGION)**
Motijheel, A.B. Road, Gwalior–474010, Phone : 0751-2448202
Fax : 0751-2448280, E-mail ID : gmpurchasegwl@gmail.com
प्रकाश एवं विकास

CGM/GR/11-A/2025-26/11955 Gwalior, Dated : 12.02.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)**

E-tenders are invited from eligible bidders for following Material :-

| TS No. | Particulars | Approx. Value (In. Lakh) | Tender Fee (Rs.) | EMD (Rs.) | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| TS-124 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Testing Equipment, Measuring Equipment and Machinery, Transformer Oil Storage Tank etc. | 17.29 lakhs | 2000 + GST @ 18% Extra | 34600/- | 27.02.2026 @15:30 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/124458/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER (GR)**